**जुलूस** | अकीदतमंदों का उमड़ा भारी हुजूम, मातमी धुनों से गुंजायमान हो उठा क्षेत्र

# या हुसैन की सदाओं के साथ निकला ताजिया चल समारोह




**नवभारत, कटंगी, जबलपुर।** जबलपुर जिले के कटंगी नगर में हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में यौम-ए-अशूरा के मौके पर पारंपरिक ताजिया चल समारोह बेहद शांतिपूर्ण, अदब और अकीदत के साथ निकाला गया। शाम के समय नगर के विभिन्न हिस्सों से आए सभी आकर्षक ताजिए तकिया मोहल्ला में एकत्रित हुए। यहां अकीदतमंदों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा और पूरा माहौल 'या हुसैन' के नारों और मातमी धुनों से गुंजायमान हो उठा।

तकिया मोहल्ला से शुरू होकर यह भव्य चल समारोह जानकी रमण मंदिर मार्ग से होते हुए मुख्य बाजार और बस स्टैंड पहुँचा। जुलूस देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर और मकानों की छतों पर हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा रहा।

## हिरन नदी तट पर गमगीन माहौल में विसर्जित किया

कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच ताजिया चल समारोह अपने निर्धारित पारंपरिक मार्गों से होते हुए देर शाम हिरन नदी तट पहुँचा। यहाँ देश और नगर में अमन-चैन, खुशहाली व भाईचारे की विशेष दुआएं मांगी गईं। इसके बाद गमगीन माहौल में ताजियों को पूरे अदब और सम्मान के साथ नदी तट पर ठंडा किया गया।

## पुलिस और प्रशासन रहा मुस्तैदी से तैनात

आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कटंगी थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन बस स्टैंड, बाजार सहित पूरे रूट पर मुस्तैद रहा।

मोहर्रम सेंट्रल कमेटी के पदाधिकारियों ने इस सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन, नगर परिषद और समस्त क्षेत्रवासियों का दिल से आभार व्यक्त किया है।

### सांप्रदायिक सौहार्द की दिखी अनूठी मिसाल

कटंगी में हमेशा की तरह इस वर्ष भी गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली। जानकी रमण मंदिर मार्ग और बाजार क्षेत्र में सर्वधर्म समाज के लोगों ने मिलकर चल समारोह का आत्मीय इस्तकबाल किया। जुलूस मार्ग में जगह-जगह ठंडे पानी, शरबत और लंगर के विशेष स्टॉल लगाए गए थे।



# पनागर में भी अकीदत के साथ मनाया मातमी पर्व

**पनागर, नवभारत।** शुक्रवार को मातमी पर्व मोहर्रम बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। पनागर में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में सुबह से कुरान खानी फातिहा कर पर्व मनाया।

मोहर्रम महीने की 10 तारीख को रोज-ए- आशुरा कहा जाता है इसी दिन इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। मोहर्रम का यह सबसे अहम दिन माना जाता है जो गम के महीने के तौर पर मनाया जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने का नाम मोहर्रम है इसी क्रम में दसवीं मोहर्रम को समूचे देश की तरह पनागर में भी जगह-जगह अकीदत के साथ पव मनाया गया।

ताजिए का जुलूस पनागर के मौलाना वार्ड की जामा मस्जिद से शुरू होकर थाना प्रांगण कमानिया बाजार होकर विभिन्न स्थानों से चलकर बलेहा तालाब कर्बला परिसर पहुंचा जहां जियारत के लिए ताजिया रखा गया, हजारों की संख्या में उपस्थित जन समुदाय ने पर्व में शामिल होकर भाईचारे की मिसाल पेश की तथा बड़ी अकीदत के साथ मोहर्रम का पर्व मनाया। इस मौके पर प्रदीप पटेल नपा अध्यक्ष, भाजपा अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, विमल जैन सांसद प्रतिनिधि, ब्लाक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, आनंद जैन, अंकुर जैन, हाफिज शरीफ साब, बाबू खान, मोहम्मद अहमद, मंजूर अली, सलीम खान, अहमद खान, इमरान अली, याकूब खान, इसाक खान, ज़लील खां, इमरान खां, याकूब खां, शेख़ इदरीस, कयुम अहमद खां, अल्लू खां, जुगन खां, अज्जू वेग, राजा खां, शोएब खां, नसीम बाबा, आजम खान सहित नागरिक उपस्थित रहे।



# वन भूमि पर जुताई कर रहा ट्रैक्टर जब्त

**डिंडोरी, नवभारत।** वनमंडल डिंडौरी के सामान्य वनमंडल अंतर्गत दक्षिण समनापुर वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमित वन भूमि की जुताई कर रहे एक ट्रैक्टर को ट्रॉली सहित जब्त किया है। कार्रवाई के बाद संबंधित आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार सोलंकी एवं उप वनमंडलाधिकारी सुरेन्द्र सिंह जाटव के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी रेखा सिंह परस्ते के निर्देशन में 25 जून 2026 को आरएफ कक्ष क्रमांक 580 में वन भूमि पर अवैध जुताई की सूचना पर वन अमले ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त किया।

कार्रवाई में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। जब्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। वन विभाग ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26(1)(ज) एवं धारा 52 के अंतर्गत राजसात की कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण अथवा कृषि गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# संध्या सिंह को मिली गणित विषय में पीएचडी की उपाधि

**शहपुरा, नवभारत।** शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी में पदस्थ



गणित विषय की प्राध्यापक डॉ.संध्या सिंह को अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय, रीवा द्वारा गणित विषय में पीएच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लेखराम कुर्मी सहित समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# मात्रा के बजाय गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें : दिलीप कुमार

**महाप्रबंधक ने कोटा मंडल की परियोजनाओं का लिया जायजा**




**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह शुक्रवार को अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत कोटा पहुंचे। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा एवं समस्त शाखा अधिकारियों व मुख्य परियोजना प्रबंधकों के साथ मंडल कार्यालय सभागार में विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक में विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं और चल रही परियोजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, यात्री संतुष्टि के लिए रेलवे हित में नवाचार हेतु सक्रिय पहल करें। मात्रा के बजाय गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। मशीनों व प्रौद्योगिकी का अधिकतम लाभ उठाते हुए उत्कृष्टता के मानक स्थापित करें। महाप्रबंधक ने कोटा-सवाई माधोपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर ट्रैक स्थिति, सिग्नलिंग व्यवस्था व अन्य अवसंरचनाओं का अवलोकन किया।

### कवच प्रणाली का लिया ट्रायल

सवाई माधोपुर पहुंचकर श्री सिंह ने स्टेशन परिसर पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं जैसे आरक्षण कार्यालय, यात्री प्रतीक्षालय आदि का व्यापक निरीक्षण किया। इसके साथ ही सवाई माधोपुर यार्ड में टीडब्ल्यूएस प्वाइंट तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के अंतिम चरण में महाप्रबंधक ने सवाई माधोपुर से लाखेरी तक कवच युक्त लोको में फुटप्लेट करते हुए कवच प्रणाली का ट्रायल लिया, जिसमें लूप लाइन स्पीड टेस्ट, ऑटो ब्रेकिंग डिस्टेंस, घुमावदार ट्रैक पर ऑटो व्हिसलिंग एवं स्पैड प्रिवेंशन जैसे परीक्षण किए गए तथा अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। लाखेरी स्टेशन पर पहुंचकर उन्होंने स्टेशन मास्टर कक्ष में मौजूद कवच प्रणाली से संबंधित उपकरणों की भी जानकारी ली।

# परिजनों ने घरेलू उपचार के चक्कर में गंवाया समय, मासूम की मौत

**सर्पदंश के शिकार बालक को चिकित्सकों ने घोषित किया मृत**

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा क्षेत्र के ग्राम पिटरी में शुक्रवार सुबह सर्पदंश की दर्दनाक घटना में छह वर्षीय मासूम की मौत हो गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, पिटरी निवासी सुनील मरावी के छह वर्षीय पुत्र दिलराज मरावी को घर के पास एक जहरीले सांप ने काट लिया।



घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने सांप की तलाश कर उसे मार दिया, लेकिन बच्चे को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय घरेलू उपचार में समय व्यतीत किया। काफी देर बाद जब बच्चे की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मासूम की असमय मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# तीन खंड चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी

**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा**




**डिंडोरी, नवभारत।** कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, सिविल सर्जन डॉ. रमेश सिंह मरावी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में 1 अप्रैल 25 से 23 जून 2026 तक संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान एएनसी पंजीयन, गंभीर एनीमिया, पीआईएच प्रबंधन, नियमित टीकाकरण, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), सिकल सेल एनीमिया जांच एवं उपचार तथा क्षय रोग (टीबी) कार्यक्रम की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी संबंधित पोर्टल पर शत-प्रतिशत एवं नियमित रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। टीकाकरण का लक्ष्य केवल 85 प्रतिशत रहने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एएनसी पंजीयन की कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विक्रमपुर, समनापुर एवं बजाग के खंड चिकित्सा अधिकारियों (बीएमओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। वहीं टीबी कार्यक्रम की सभी लंबित पोर्टल प्रविष्टियां सात दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, नियमित मॉनिटरिंग और समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। ताकि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ आम नागरिकों तक पहुंच सके।

# ज्ञानवती ने ज्योतिरादित्य सिंधिया से की भेंट

**उमरिया जिले के विकास से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा**

**नवभारत, उमरिया।** भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में पुनः नियुक्त होने के उपरांत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री ज्ञानवती सिंह ने नई दिल्ली स्थित संचार भवन में भारत सरकार के केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य एवं आत्मीय भेंट की। इस दौरान उन्होंने संगठन द्वारा सौंपी गई नई जिम्मेदारी पर सिंधिया जी का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।



भेंट के दौरान प्रदेश के संगठनात्मक विषयों, जनसेवा, महिला सशक्तिकरण तथा शहडोल संभाग सहित उमरिया जिले के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। ज्ञानवती सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसके लिए सदैव कृतज्ञ रहेंगी।

**रेस्क्यू** | पनपथा क्षेत्र में ग्रामीण की मौत के बाद हुई कार्यवाही, बहेरहा बाड़े में पहुंचाया

# आतंक का पर्याय बने बाघ का हुआ रेस्क्यू



**चिल्हारी, उमरिया, नवभारत।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र में पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बने नर बाघ का आखिरकार सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया है।

गुरुवार सुबह एक और ग्रामीण की मौत के बाद विभाग ने विशेष अभियान चलाकर पलझा उत्तर बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ-604 से लगभग पांच वर्षीय इस बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा और बहेरहा एनक्लोजर भेज दिया। बीटीआर के क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि रेस्क्यू अभियान निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी सावधानी के साथ संपन्न किया गया।

अभियान के दौरान क्षेत्र संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक (ताला), वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, संजय टाइगर रिजर्व सीधी के अधिकारी, ताला एवं पनपथा के परिक्षेत्र अधिकारी, टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स (टीपीएफ) तथा अन्य वन अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोही बीनने के चक्कर में गई थी जान

दरअसल गुरुवार सुबह बाघ ने एक और ग्रामीण पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान अन्नू रजक पिता। वितना रजक 60 के रूप में हुई। वह सुबह करीब सात बजे पलझा उत्तर बीट में गोही बीनने गया था। ग्रामीणों ने उसका झोला और जूते मिलने की सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद वन अमले ने पैदल और हाथियों की मदद से सघन सर्च अभियान चलाया। कुछ देर बाद जंगल में उसका शव बरामद हुआ। राजस्व और पुलिस विभाग की उस्थिति में पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर भेजा गया। वन विभाग ने मृतक के पुत्र मातादीन रजक को तात्कालिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये प्रदान किये हैं।

## ग्रामीणों ने राहत की सांस ली

उल्लेखनीय है कि पनपथा बफर क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बाघ के हमलों में कई ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। वन विभाग को आशंका है कि अधिकांश घटनाओं के पीछे यही नर बाघ जिम्मेदार था। बाघ के रेस्क्यू के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, हालांकि विभाग ने लोगों से जंगल में अकेले न जाने और सतर्कता बरतने की अपील की है।

### कई मौतों के पीछे इसी बाघ पर संदेह

बाघ को विशेष वाहन से बहेरहा एनक्लोजर पहुंचाया गया, जहां उसकी लगातार निगरानी और चिकित्सकीय देखभाल की जा रही है। रेस्क्यू अभियान में लक्ष्मण, सूर्या गणेश और सुन्दरगज नामक हाथियों तथा उनके महावतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। घने जंगल और कठिन भूभाग मे बाघ की तलाश और उसे नियंत्रित करने में इन हाथियों का विशेष योगदान रहा।



# बांधवगढ़ से लगे गाटा गांव में जंगली हाथी का उत्पात

**ग्रामीण के घर और पेड़ पौधों को पहुंचाया नुकसान, परिवार ने भागकर बचाई जान**

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र मानपुर (बफर) अंतर्गत दमना के गाटा गांव में बीती देर रात एक जंगली हाथी ने ग्रामीण के मकान पर हमला कर दिया। घटना के समय घर में सो रहे परिवार के सदस्य किसी तरह बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। इस दौरान जंगली हाथी ने राजकुमार कुशवाहा के मकान के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर के पास लगे केले और कटहल सहित अन्य पेड़ पौधों को भी नुकसान पहुंचाया।

बताया जाता है कि घर टूटने की आवाज सुनकर घर के लोग जाग गए और किसी कदर बाहर



निकलकर गांव की ओर भागे। शोर शराबा और हो हल्ला सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आवाज लगाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। मामले की सूचना पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथी की गतिविधियों पर निगरानी शुरू कर दी।

## मुआवजे का प्रकरण तैयार कर भेजा

परिक्षेत्र अधिकारी मानपुर बफर अंकित सोनी ने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है ताकि हाथी दोबारा गांव की ओर न आए। परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त मकान के मुआवजे का प्रकरण तैयार कर भेज दिया गया है और ग्रामीणों से अपील की गई है कि हाथी दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें और उससे सुरक्षित रूप से दूरी बनाए रखें।